	# कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर (पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर–15)
क्रमांकः–	एफ–20( )/अधि.अभि.(वि.)/ननिग्रेज/2024/628 दिनांकः–26.11.2024

Corrigendum

नगर निगम जयपुर ग्रेटर की ओर से विद्युत कार्यं हेतु ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गयी निविदा संख्या 74 से 116 तक वर्ष 2024–25 में शर्त संख्या 18 में आंशिक संशोधन निम्नानुसार किया जाता हैं। उक्त शर्त संख्या 18 को ''संवेदक द्वारा यह ध्यान रखा जाये कि लाईटों के संधारण के पश्चात् कोई भी किसी भी प्रकार का ज्वॉईन्ट खुला ना पाया जाए तथा सुनिश्चित करना होगा कि इस कारण किसी भी विद्युत पोल में विद्युत करन्ट रिसाव ना हो। इस कारण से किसी भी दुर्घटना/जन–हानि हेतु संवेदक पूर्णतः उत्तरदायी होगा।'' पढ़ा जावें। शेष सभी नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

(प्रदीप कुमार शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर–15)

क्रमांकः–एफ–20( )/अधि.अभि.(वि.)/ननिग्रेज/2024/ 588 दिनांकः– 18.11.2024

निविदा सूचना सं. 89/वर्ष 2024–25

नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से निम्न विद्युत कार्य हेतु नगर निगम ग्रेटर जयपुर में व अन्य विभागों मे नये नियमों के नियमानुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निम्न कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का विवरण	सम्बन्धित अधिकारी का नाम
मानसरोवर जोन में वार्ड संख्या 77,78,79 में EESL की लाईटों के संधारण का कार्य वार्षिक दर संविदा वर्ष 2024–25	अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) ग्रेटर
ऑन लाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि	दिनांक 20.11.2024 से दिनांक 29.11.2024 सुबह 11.00 बजे तक
कार्य की अनुमानित लागत	1403480/–रू.
कार्य अवधि	01 वर्ष
निविदा प्रपत्र शुल्क	500.00 रूपये
अमानता राशि	नगर निगम ग्रेटर जयपुर में पंजीकृत संवेदकों से कार्य की अनुमानित राशि का 0.50% (रू. 7017.00) और अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदकों से 2%(रू. 28070.00)
प्रोसेसिंग फीस RISL	500.00 रू.
Envelop- 1 Opening	29-11-2024 at 11.30 am
Financial Bid (Envelop- 2 Opening)	**तकनिकी निविदा सफल होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी।**

निविदा दाताओ को निविदा शुल्क, अमानता राशि एंव प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन स्थानीय निकाय विभाग, राज0, जयपुर की वेबसाईड www.jaipurmc.org पर Submission Date and timeसे पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन करकेरजिस्ट्रेशन WWW.eproc.rajasthan.gov.in&***http://sppp.rajasthan.gov.in*** पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जायेगा **एवं संवेदक द्वारा तकनीकी निविदा में निम्न दस्तावेज – रजिस्ट्रेशन, विद्युत लाईसेंस की छाया प्रति तथा, Pan card, PF,ESI,GST में पंजीयन की छाया प्रति व संवेदक की हस्ताक्षरित Annexure A,B,C,D,E एवं हस्ताक्षरित निविदा शर्तें स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य है। उक्त दस्तावेज हस्ताक्षरित अपलोड नहीं करने पर सम्बन्धित संवेदक की निविदा को मान्य नहीं माना जावेगा, एवं ऑन लाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि उपरांत ऑफ लाईन दस्तावेज नहीं लिये जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी वर्तमान में प्रचलित नियम प्रभावी रहेंगे।**

निविदा में वित्त विभाग की अधिसूचना 2021 द्वारा RTPP Act 2013के अन्तर्गत शामिल किये गये नियम 75 ए की पालना संवेदक द्वारा की जावेगी जिसके अनुसार Unbalanced Bid होने की दशा में नियमानुसार अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Security) राशि BG/FDR के रूप में LOAजारी होने के 7 दिवस में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक हैं। यदि संवेदक द्वारा Additional Performance Security राशि जमा कराने के पश्चात् कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण नहीं करता हैं तो उसकी Additional Performance Security राशि नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा जब्त कर ली जावेगी व अनुबन्ध के तहत अन्य कार्यवाही भी अमल में लायी जावेगीं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण बेबसाईट ***http://eproc.rajasthan.gov.in*** &***http://sppp.rajasthan.gov.in***तथा ***www.jaipurmc.org*** पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

(प्रदीप कुमार शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर